प्रेस नोट

## ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लेकर मिलेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रश्न पूछने का मौका

छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा का आयोजन जनवरी 2023 में नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में किया जाएगा। पूरे देश के नौवीं से बारहवीं कक्षा के चुनिंदा छात्र, अध्यापक अभिभावक परीक्षा संबंधी प्रश्न पूछेंगे। नवी से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र, अध्यापक एवं अभिभावक परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम 2023 का हिस्सा बन सकते हैं इसके लिए एक online कार्यक्रम का आयोजन https://innovateindia.mygov.in/ppc-2023 पर विभिन्न विषयों पर किया जा रहा है। नौवीं से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले सभी छात्र, उनके अभिभावक एवं अध्यापक 30 दिसंबर 2022 तक इस ऑनलाइन कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। चुनिंदा छात्र, उनके अभिभावक एवं अध्यापकों को जनवरी 2023 में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलेगा। इन चुनिंदा लोगों को NCERT निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित एक सर्टिफिकेट तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखित पुस्तक ' Exam Warrior' की प्रति भी भेंट की जाएगी।

राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश डॉ वीरेंद्र शर्मा ने यह जानकारी देते हुए कहा है कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा के छठे संस्करण का आयोजन जनवरी 2023 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में किया जाएगा। प्रदेश के विभिन्न बोर्ड (HP Board, CBSE, ICSE) से संबंध सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले नौवीं से 12वीं कक्षा के छात्र व छात्राएं, उनके अभिभावक एवं अध्यापक https://innovateindia.mygov.in/ppc-2023 पर एक ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लेकर परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम 2023 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से संवाद कर सकते हैं यह प्रतियोगिता 25 नवंबर 2022 से 30 दिसंबर 2022 तक आयोजित की जा रही है।

प्रेषित

1. संपादक अमर उजाला हिमाचल संस्करण
2. संपादक दिव्य हिमाचल हिमाचल संस्करण
3. संपादक पंजाब केसरी हिमाचल संस्करण
4. संपादक दैनिक भास्कर हिमाचल संस्करण

13/12/2022

राज्य परियोजना निदेशक( समग्र शिक्षा)
हिमाचल प्रदेश, लाल पानी, शिमला-1